46—(08)—06—2026

**पटना में दिनांक—27 मई, 2026 बुधवार को अपराह्न 5:00 बजे हुई मंत्रिपरिषद् की बैठक की कार्यवाही। मुख्यमंत्री ने बैठक की अध्यक्षता की।**

**निम्नलिखित निर्णय लिये गये :—**

**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**

1. शेखपुरा जिलान्तर्गत अंचल—शेखपुरा में आई०बी० के कार्यालय/आवासीय परिसर के निर्माण हेतु मौजा—गिरिहिण्डा, थाना सं०—191, खाता सं०—109, खेसरा सं०—07, रकवा—27.48 डी० गैरमजरूआ आम भूमि सशुल्क आधार पर कुल राशि—6,24,02,487/—(छः करोड़ चौबीस लाख दो हजार चार सौ सत्तासी) रूपये के भुगतान पर एस०आई०बी०, भारत सरकार को हस्तान्तरण की स्वीकृति के संबंध में। — 1. **स्वीकृत।**

**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**

2. गोपालगंज जिलान्तर्गत गोपालगंज सदर अंचल में आई०बी० कार्यालय/आवासीय परिसर के निर्माण हेतु मौजा—तिरबिरवा, थाना सं०—40, खाता सं०—20, खेसरा सं०—190 का अंश, कुल प्रस्तावित रकवा—30 डी० गैरमजरूआ मालिक भूमि सशुल्क आधार पर कुल राशि—67,50,000/—(सड़सठ लाख पचास हजार) रूपये के भुगतान पर गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली को हस्तान्तरण की स्वीकृति के संबंध में। — 2. **स्वीकृत।**

**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**

3. बेगूसराय जिलान्तर्गत अंचल—खोदावंदपुर के मौजा—फफौत, थाना सं०—82, खाता सं०—395, खेसरा सं०—1154 कुल प्रस्तावित रकवा—21 एकड़ गैरमजरूआ खास परती कदीम भूमि पर उप कारा के निर्माण हेतु गृह विभाग, बिहार, पटना को निःशुल्क अन्तर्विभागीय स्थायी हस्तान्तरण की स्वीकृति के संबंध में। — 3. **स्वीकृत।**

**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**

4. बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त (संशोधन) नियमावली, 2026 की स्वीकृति के संबंध में। — 4. **स्वीकृत।**

**विधि विभाग**

5. माननीय उच्च न्यायालय, पटना के माननीय न्यायाधीशगण के उपयोग हेतु 10 नये E.V./Hybrid वाहनों के क्रय के निमित्त वित्तीय वर्ष 2026—27 में बिहार राज्य आकस्मिकता निधि से कुल 3,70,00,000/—(तीन करोड़ सत्तर लाख) रूपये के अग्रिम की स्वीकृति के संबंध में। — 5. **स्वीकृत।**

**सामान्य प्रशासन विभाग**

6. पूर्णियाँ, भागलपुर एवं गया न्यायमंडल में NDPS Act. के अन्तर्गत दायर वादों के त्वरित विचारण हेतु जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश स्तर के एक–एक अर्थात् कुल तीन अनन्य विशेष न्यायालयों (Exclusive Special Courts) के गठन के निमित्त जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश के एक–एक अर्थात् कुल 03 (तीन) पदों के सृजन की स्वीकृति के संबंध में। — 6. स्वीकृत।

**सामान्य प्रशासन विभाग**

7. बिहार मद्य निषेध और उत्पाद अधिनियम, 2016 के अन्तर्गत मधुबनी (सदर) न्यायमंडल में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश के एक अतिरिक्त न्यायालय एवं दरभंगा न्यायमंडल के अधीन बेनीपुर अनुमंडलीय न्यायालय में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश के एक न्यायालय की स्थापना हेतु जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश के एक–एक अर्थात् कुल 02 (दो) पदों के सृजन की स्वीकृति के संबंध में। — 7. स्वीकृत।

**युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग**

8. "बिहार स्टेट काउंसिल फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग" के संकल्प –1185 एवं "बिहार राज्य समुद्रपार नियोजन ब्यूरो" के संकल्प–34 तथा 1167 में "श्रम संसाधन विभाग" के स्थान पर "युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग", बिहार, पटना को प्रतिस्थापित करने की स्वीकृति के संबंध में। — 8. स्वीकृत।

**युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग**

9. युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार, पटना के अंतर्गत विशेष नियोजन निदेशालय के 06 नये प्रशाखाओं के लिए विभिन्न कोटि के कुल 57 (सत्तावन) पदों के सृजन की स्वीकृति के संबंध में। — 9. स्वीकृत।

**युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग**

10. युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार, पटना के अंतर्गत पूर्व से गठित "छात्र एवं युवा कल्याण निदेशालय" के 06 नये प्रशाखाओं के लिए पूर्व से स्वीकृत 07 (सात) पदों को प्रत्यार्पित करते हुए विभिन्न कोटि के कुल 55 (पचपन) पदों के सृजन की स्वीकृति के संबंध में। — 10. स्वीकृत।

**लघु जल संसाधन विभाग**

11. लघु जल संसाधन विभाग के भूगर्भ शास्त्री संवर्ग की नियुक्ति एवं सेवा शर्त्तों के विनियमन हेतु "लघु जल संसाधन विभाग भूगर्भ शास्त्री संवर्ग (भर्ती एवं सेवा शर्त्त) नियमावली, 2026" की स्वीकृति के संबंध में। — 11. स्वीकृत।

## लघु जल संसाधन विभाग

12. विभागीय संकल्प संख्या–992 दिनांक–04.02.2019 द्वारा पंचायतों को हस्तांतरित सभी राजकीय नलकूपों की मरम्मती, संचालन एवं रख–रखाव का कार्य लघु जल संसाधन विभाग द्वारा किये जाने के संबंध में। — 12. **स्वीकृत।**

## जल संसाधन विभाग

13. जल संसाधन विभाग अन्तर्गत कार्यान्वित की जा रही विश्व बैंक संपोषित (बाह्य संपोषित परियोजना) "बिहार जल सुरक्षा एवं सिंचाई आधुनिकीकरण परियोजना (बी०डब्लू० एस०आई०एम०पी०)" हेतु बिहार आकस्मिकता निधि से विभिन्न विपत्र कोड अन्तर्गत कुल रू० 102.98 करोड़ (एक सौ दो करोड़ अन्ठानवे लाख) मात्र की राशि के अग्रिम की स्वीकृति। — 13. **स्वीकृत।**

## खान एवं भूतत्व विभाग

14. राज्यान्तर्गत अनुमोदित जिला सर्वेक्षण प्रतिवेदन में चिन्हित बालूघाटों की नीलामी से पूर्व खनन योजना तैयार कराने एवं पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने हेतु बिहार राज्य खनन निगम लिमिटेड को एजेंसी नामित किये जाने की स्वीकृति के संबंध में। — 14. **स्वीकृत।**

## योजना एवं विकास विभाग

15. सात निश्चय कार्यक्रम अंतर्गत राज्य के 38 जिले में अवस्थित जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्रों के संचालन एवं रख–रखाव के लिए वित्तीय वर्ष 2026–27 में कुल 65.00 (पैंसठ) करोड़ रू० मात्र के अनुमानित व्यय (अनु०–I के अनुसार) की प्रशासनिक स्वीकृति के संबंध में। — 15. **स्वीकृत।**

## पथ निर्माण विभाग

16. BSHP-IV (Bihar State Highway IV Project) के अन्तर्गत मधुबनी–राजनगर–बाबूबरही–खुटौना पथ का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य (लम्बाई–38.872 कि०मी०) हेतु कुल ₹63272.00 लाख (छः सौ बत्तीस करोड़ बहत्तर लाख) रूपये के प्राक्कलित राशि पर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में। — 16. **स्वीकृत।**

## पथ निर्माण विभाग

17. BSHP-IV (Bihar State Highway IV Project) के अन्तर्गत राज्य उच्च पथ संख्या–52 (सीतामढ़ी–पुपरी–बेनीपट्टी) पथ लम्बाई 51.261 कि०मी० में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु कुल ₹43437.00 लाख (चार सौ चौंतीस करोड़ सैंतीस लाख) रूपये के प्राक्कलित राशि पर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में। — 17. **स्वीकृत।**

## पथ निर्माण विभाग

18. BSHP-IV (Bihar State Highway IV Project) के अन्तर्गत राज्य उच्च पथ संख्या–97 (विशनपुर–अतरबेल (NH-57) जाले–घोघरचट्टी (SH-52) पथ परियोजना का उन्नयन एवं सुदृढ़ीकरण कार्य (लम्बाई–47.875 कि०मी०) हेतु कुल ₹99003.50 लाख (नौ सौ नब्बे करोड़ तीन लाख पचास हजार) रूपये के प्राक्कलित राशि पर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में। — **18. स्वीकृत।**

## पथ निर्माण विभाग

19. BSHP-IV (Bihar State Highway IV Project) के अन्तर्गत राज्य उच्च पथ संख्या–92 (Ganpatganj-Parwaha) पथ परियोजना का निर्माण कार्य (लम्बाई–47.432 कि०मी०) हेतु कुल ₹70395.00 लाख (सात सौ तीन करोड़ पन्चानबे लाख) रूपये के प्राक्कलित राशि पर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में। — **19. स्वीकृत।**

## पथ निर्माण विभाग

20. BSHP-IV (Bihar State Highway IV Project) के अन्तर्गत ब्रहमपुर–कोरनसराय–इटाढ़ी–सरंजा– इटाढ़ी– बक्सर तथा उजियारपुर– कुकराहा –जमुआंव –इंदौर –समदा पथ परियोजना का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य (लम्बाई –80.728 कि०मी०) हेतु कुल ₹98258.00 लाख (नौ सौ बिरासी करोड़ अन्ठावन लाख) रूपये के प्राक्कलित राशि पर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में। — **20. स्वीकृत।**

## सामान्य प्रशासन विभाग

21. "बिहार सचिवालय लिपिकीय सेवा (संशोधन) नियमावली, 2026" की स्वीकृति के संबंध में। — **21. स्वीकृत।**

## गृह विभाग
(आरक्षी शाखा)

22. श्री अनिल कुमार, वरीय पुलिस उपाधीक्षक, यातायात, पटना (सेवानिवृत्ति की तिथि–31.05.2026) को सेवानिवृत्ति के पश्चात संविदा के आधार पर पुनर्नियुक्त करने के संबंध में। — **22. स्वीकृत।**

## स्वास्थ्य विभाग

23. सीनियर रेजिडेन्ट/ट्यूटर तथा बिहार चिकित्सा शिक्षा सेवा भर्ती, नियुक्ति एवं प्रोन्नति (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2026 की स्वीकृति के संबंध में। — **23. स्वीकृत।**

## स्वास्थ्य विभाग

24. बिहार लघु एवं मध्यम स्वास्थ्य सेवा प्रतिष्ठान (स्थापना एवं पंजीकरण) विनियमावली 2026 की स्वीकृति के संबंध में। — **24. स्वीकृत।**

## स्वास्थ्य विभाग

| | | | |
|---|---|---|---|
| 25. | पटना चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, पटना के हड्डी रोग विभाग के अधीन स्वतंत्र रूप से स्पाईन सब–स्पेशियलिटी यूनिट स्थापित करने के लिए कुल–39 पदों के सृजन की स्वीकृति। | 25. | स्वीकृत। |

## स्वास्थ्य विभाग

| | | | |
|---|---|---|---|
| 26. | बिहार विधान मंडल के वर्तमान एवं पूर्व सदस्यों तथा उनके आश्रित/अखिल भारतीय सेवा के सेवारत एवं सेवानिवृत्त पदाधिकारियों तथा उनके आश्रित/राज्य सरकार के नियमित पदाधिकारियों/कर्मियों एवं उनके आश्रित/सेवानिवृत्त पेंशनधारी राज्य कर्मी (पति–पत्नी) तथा पारिवारिक पेंशनर को बिहार सरकार स्वास्थ्य योजना के अधीन अंतर्वासी चिकित्सा हेतु कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान किये जाने के संबंध में। | 26. | स्वीकृत। |

## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

| | | | |
|---|---|---|---|
| 27. | बिहार रैयती भूमि क्रय नीति, 2026 की स्वीकृति के संबंध में। | 27. | स्वीकृत। |